झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (शि0) देवघर / PDS–29 / 2022– 408

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 15.06.2023

विषयः– **परिवादी मो0 आसिफ अंसारी एवं अन्य, प्रखण्ड–देवघर, जिला–देवघर से प्राप्त परिवाद–पत्र पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि परिवादी मो0 आसिफ अंसारी एवं अन्य, प्रखण्ड+जिला–देवघर का परिवाद–पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। प्राप्त परिवाद–पत्र में देवघर जिले के कई प्रखण्डों में माह दिसम्बर, 2022 एवं माह मई, 2023 में सरकार से गेहूँ का आवंटन प्राप्त होने के बावजूद डीलरों को गेहूँ नहीं दिये जाने एवं ई–पॉस मशीन में ऑनलाईन इंट्री कर दिये जाने का आरोप लगाया गया है। यह भी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत कई प्रखण्डों में माह नवंबर, 2022 एवं माह दिसम्बर, 2022 में डीलरों को चावल की आपूर्ति नहीं किये जाने एवं अनाज की कालाबाजारी करने का भी आरोप परिवादी द्वारा लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी देवघर जिले में राशन डीलरों को अनाज उपलब्ध नहीं करा कर उनके ई–पॉस मशीन में अनाज की ऑनलाईन इंट्री कर दिये जाने से सम्बन्धित अन्य परिवाद–पत्र भी आयोग को प्राप्त हुए थे, जिन्हें आयोग के पत्रांक–236 दिनांक–31.03.2023 एवं पत्रांक–359 दिनांक–25.05.2023 द्वारा विभाग को प्रेषित की गई है।

अतः प्राप्त परिवाद–पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

15/6/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx338

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

Dey M.S.

58 (35)
5.06.23

सेवा में,

श्रीमान् अध्यक्ष,
राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग,
झारखण्ड, राँची।

726
8.6.23

महाशय,

निवेदन पूर्वक हमलोग देवघर निवासी प्रखंड देवघर की आम जनता आपको सूचित करना चाहता हूँ कि देवघर जिले के कई प्रखंडों में डीलरों को माह दिसम्बर 2022 एवं माह मई 2023 में सरकार से गेहूँ का आवंटन प्राप्त था परन्तु गेहूँ डीलरों को नहीं दिया गया और डीलरों के ई0 पॉस मशीन में Online कर दिया गया। खाद्य एवं आपूर्ति झारखण्ड राँची को भी कई आवेदन हम जनता द्वारा दिया गया परन्तु विभाग भी जान–बुझकर उपरोक्त विषयों पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं किया। राज्य खाद्य निगम के ठीकेदार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवघर सह डी0 एम0 राज्य खाद्य निगम देवघर द्वारा हजारों क्वी0 गेहूँ का कालाबाजारी कर दिया गया जिससे करोड़ों रूपये की उगाही की गई। उपायुक्त देवघर द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवघर द्वारा उपायुक्त देवघर को भी राशि उपलब्ध कराई गई है। इस तरह गरीबों के अनाज को डीलरों को नहीं देकर कालाबाजारी कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवघर हर माह लाखों रूपये की अवैध कमाई कर रहे हैं जिसको देखने वाला कोई नहीं है। माह दिसम्बर 2022 में गेहूँ को डीलरों के EPOS मशीन में ऑनलाईन करने के सम्बन्ध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा यह कहा जाता है कि भूलवश ऑन लाईन हो गया है, यह कैसे संभव है। ऐ प्रखंड का गलती से ऑन लाईन हो सकता है। चार–चार प्रखंड में ऑन लाईन गलती से कैसे हो सकता है। देवघर जिला के राज्य खाद्य निगम के परिवहन अभिकर्ता श्री अविनाश कुमार एवं जिला आपूर्ति पदा0 के साठ–गाँठ से माह सितम्बर 2022 से अब तक हजारों क्वी0 प्रत्येक प्रखंड का अनाज का कालाबाजारी कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी का ठीकेदार से काफी गहरा सम्बन्ध है।

अतः महोदय से निवेदन होगा कि इसकी जाँच कराई जाय महोदय को यह भी सूचित करना चाहता हूँ प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत कई प्रखंड माह नवम्बर 2022 एवं दिसम्बर 2022 में डीलरों को चावल की आपूर्ति नहीं किया गया है। जाँच से सारी बातों की जानकारी महोदय को प्राप्त हो जायेगा।

विश्वासभाजन

(1) मो0 आसिफ अंसारी
(2) अशोक मंडल
(3) परमेश्वर मंडल
(4) संजय दास
(5) प्रेम कुमार – देवघर प्रखंड देवघर